## खबर संक्षेप

### न्याय की प्रतीक्षा में ताबूत, परिजनों ने कहा पहले न्याय फिर अंतिम संस्कार

**मैहर।** मोहरबा गांव में अनुसूचित जनजाति के किसान सहेश सिह गोंड का शव ताबूत में रखा है। परिजनों ने स्पष्ट किया है कि न्यायालय द्वारा निर्धारित मुआवजा मिलने तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। सहेश सिंह के निधन की सूचना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में लोग ताबूत के पास पहुंचकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सहेश सिंह का सामाजिक संगठन मजबूत है और अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाता है। अब यह मामला केवल एक परिवार तक सीमित नहीं रहा। कथित सीमेंट प्रबंधन से भूमि विवाद से जुड़े अन्य किसान भी समर्थन में सामने आए हैं। मामले के अनुसार,सहेश सिंह की कृषि भूमि को लेकर पहले मैहर सीमेंट और वर्तमान में अल्ट्राटेक सीमेंट से विवाद चल रहा था। नायब तहसीलदार,रेवेन्यू बोर्ड सहित राजस्व न्यायालयों ने किसान के पक्ष में निर्णय देते हुए मुआवजा तय किया था। उच्च न्यायालय में भी कंपनी को स्थगन नहीं मिला। आरोप है कि मुआवजा नहीं मिलने के कारण सहेश सिंह लंबे समय तक आर्थिक और मानसिक दबाव में रहे। इस मामले को लेकर प्रशासन और सीमेंट प्रबंधन से 24 घंटे के भीतर न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए परिजनों को मुआवजा देने की मांग की जा रही है यदि समय पर समाधान नहीं हुआ तो समाज में आक्रोश बढ़ सकता है। प्रशासन और सीमेंट प्रबंधन को स्थिति की जानकारी है। अब देखना होगा कि ताबूत में रखे शव को समय पर न्याय मिल पाता है या मामला और लंबा खिचता है।

### पोलियो की दवा बच्चों के सुरक्षित भविष्य की पहली गारंटी

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने रविवार को जिला चिकित्सालय में बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर सत्यभामा अवधिया,बीएमओ डॉक्टर पीयूष पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में देश व प्रदेश को पोलियो मुक्त करने की दिशा में सतर्कता के साथ कार्य हो रहा है। जीवन अमूल्य है, इसे हर स्थिति में बचाना है। विधायक श्री चतुर्वेदी ने सभी अभिभावकों से अपील की कि जन्म से 5 वर्ष की आयु तक के अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाएं और बच्चों को पोलियो बूथों पर ले जाएं। यदि कोई बच्चा रविवार को बूथ पर दवा पीने से वंचित रह जाता है,तो अभियान के दूसरे,तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग के भ्रमणशील दल घर-घर जाकर बच्चों को खुराक पिलाएंगे। अभियान की सफलता के लिए मैहर

### भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट की मैहर इकाई का विस्तार

**मैहर।** भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट की आयोजित बैठक में संगठन के विस्तार एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक में श्रीधर उर्मलिया को मैहर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्रीधर उर्मलिया ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मानव अधिकारों की रक्षा,गरीब एवं पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएंगे। इसके अलावा संगठन की नई कार्यकारिणी में सुनील सिंह यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष,मालती यादव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अमृता दुबे को प्रदेश सचिव,राजेश रैदास को कानूनी जिला अध्यक्ष,संतोष कुमार धानिक को जनसंपर्क प्रभाग जिला अध्यक्ष,युवराज सिंह को उपाध्यक्ष (रीवा संभाग),कान्तिलाल यादव को प्रदेश सचिव (महिलाप्रकोष्ठ), गौहर उपाध्याय को शहर उपाध्यक्ष,कामाख्या पंडा को जनसंपर्क जिला अध्यक्ष, अनिल हरदहाटे को संभागीय सदस्य तथा पुष्पराज पटेल को सलाहकार नियुक्त किया गया।





## भारी गहमागहमी और विवाद के बीच थमा मतदान

# विंध्य चैंबर चुनावः 95.42 फीसदी रिकॉर्ड मतदान,'सरताज' कौन? फैसला आज







## ,कड़ी सुरक्षा में सील हुईं 25 मतपेटियां; आज शाम 4 बजे से शुरू होगी मतगणना

सतना।

जिले के व्यापारियों की सबसे प्रतिष्ठित और शीर्ष संस्था 'विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज' के चुनाव रविवार को भारी गहमागहमी और कड़े सुरक्षा घेरे के बीच संपन्न हो गए। लोकतंत्र के इस व्यापारिक उत्सव में वोटर्स ने गजब का उत्साह दिखाया,जिसके चलते कुल 95.42 फीसदी रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। चैंबर का नया सरताज कौन होगा,इसका फैसला सोमवार देर रात तक साफ हो जाएगा। सोमवार शाम 4 बजे से मतों की गणना शुरू होगी,जिसे लेकर चैंबर भवन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चैंबर के कुल 1662 मतदाताओं में से 1586 वोटर्स ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद कर दिया है।

### सुबह से ही गरमाया माहौल,प्रवेश को लेकर हुआ विवाद

सर्किट हाउस चौराहा स्थित चैंबर भवन परिसर में सुबह जैसे ही मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, माहौल गरमा गया। भवन के भीतर प्रवेश करने को लेकर पदाधिकारियों और प्रत्याशियों के बीच तीखी बहसबाजी और विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोहर डिगवानी ने वर्तमान अध्यक्ष सतीश सुखेजा की मतदान केंद्र के अंदर मौजूदगी पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मुख्य लोहे के गेट से अंदर जाने की पात्रता को लेकर काफी देर तक खींचतान चलती रही।माहौल बिगड़ता देख निर्वाचन अधिकारी और उनकी टीम ने मुस्तैदी दिखाई और सभी संबंधित पक्षों को चैंबर भवन के बाहर निर्धारित दायरे में जाने के सख्त निर्देश दिए, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

### पुलिस छावनी में बदला परिसर,रूट किया गया डायवर्ट

चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर डटे रहे। वहीं,कानून व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने सर्किट हाउस चौराहे से चैंबर भवन होते हुए मुख्तियार गंज जाने वाले मुख्य मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया था। इस दौरान आवागमन के लिए रूट डायवर्ट कर वाहनों को डायवर्सन रोड और प्रेम नर्सिंग होम व आइ मयूजिका सिनेमा हॉल के रास्ते मुख्तियार गंज की ओर निकाला गया।

### त्रिकोणीय और बहुकोणीय मुकाबले में फंसे दिग्गज

इस बार का चैंबर चुनाव बीते वर्षों की तुलना में बेहद दिलचस्प और अलग माना जा रहा है। मुख्य पदों पर दिग्गजों की साख दांव पर लगी है।

अध्यक्ष पद (5 उम्मीदवार): सतीश सुखेजा,अशोक अग्रवाल,मनोहर डिगवानी,संदीप जैन और राजेश खत्री।

वरिष्ठ उपाध्यक्षः कैलाश अग्रवाल और मनोहर वाधवानी।

जूनियर उपाध्यक्षः अभिषेक जैन और दीपक अग्रवाल।

महामंत्रीः हरिओम गुप्ता,मनोज कटारे और प्रवीण मित्तल।

मंत्रीः अमित चमड़िया,मनोज अरोड़ा और संजय अग्रवाल।

कोषाध्यक्षः अमित अग्रवाल और कमल पुरुस्वानी।

सहमंत्रीः हिमांशु अरोड़ा,मनीष मित्तल और रोहित अग्रवाल।

कार्यकारिणी सदस्यः 14 पदों के लिए 17 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### सीसीटीवी की निगरानी में 'स्ट्रांग रूम', आज खुलेंगे ताले

मतदान समाप्ति के बाद सभी 1586 मतपत्रों को 25 मतपेटियों में सुरक्षित रखा गया है। प्रत्याशियों और पुलिस बल की मौजूदगी में इन मतपेटियों को स्ट्रॉन्ग रूम में रखकर दरवाजे को पूरी तरह सील कर दिया गया,जिस पर सभी उम्मीदवारों के हस्ताक्षर भी कराए गए हैं। सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए स्ट्रॉन्ग रूम और उसके गलियारों में हाई-क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं,साथ ही रात के लिए अतिरिक्त लाइटों की व्यवस्था की गई है। चैंबर भवन के सभी तालों की चाबियां मुख्य चुनाव अधिकारियों को सौंप दी गई हैं,जो सोमवार दोपहर बाद खुद आकर सील खोलेंगे और इसके बाद ही मतों की गिनती का काम शुरू होगा।

# अमदरा एवं घुनवारा क्षेत्र में शराब तस्करों का तांडव

### बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों से हो रही तस्करी

### आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**मैहर।** मैहर से कटनी के बीच स्थित घुनवारा अमदरा सहित ग्रामीण अंचल में अवैध शराब के कारोबार को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों के द्वारा कहा जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नंबर प्लेट की गाड़यिों के जरिए शराब की तस्करी की जा रही है। इस क्षेत्र में शराब का ठेका कहीं का और ब्रिक्री कहीं की जा रही है। शराब माफिया बेखौफ होकर गांव-गांव तक शराब पहुंचा रहे हैं वहीं आबकारी एवं पुलिस विभाग इस पर प्रभावी कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा। ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि देर रात और सुबह के समय संदिग्ध वाहन अलग-अलग मार्गों से निकलते हैं और गांवों में शराब की खेप उतारकर वापस लौट जाते हैं। लोगों का कहना है कि कई वाहनों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी होती,जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। इस तरह की गतिविधियां लंबे समय से चल रही हैं।उनका आरोप है कि गांव-गांव में खुलेआम शराब पहुंचने से युवाओं पर इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है और सामाजिक माहौल भी प्रभावित हो रहा है। इस तरफ नशे के कारोबार पर अकुंश लगाने के पुलिस के द्वारा कभी कभार धड़ पकड़ की जा रही है जिसका शराब माफिया पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। इस ग्रामीण क्षेत्र में आज यह हालत है कि पान एवं किराना की दुकानों में शराब खुले आम बिक रही है। जगह जगह शराब मिलने का खामियाजा ग्रामीण महिलाओं को भुगतना पड़ता है क्यों कि निकलने वाली महिलाओं पर इन शराबियों के द्वारा छींटाकसी की जाती है वहीं युवा वर्ग नशे का आदि होता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और आबकारी विभाग से मांग की है कि जिले के प्रमुख मार्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जाए,संदिग्ध वाहनों की जांच की जाए तथा यदि अवैध शराब तस्करी की तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# मार्कण्डेय संगम में डूबे 15 वर्षीय वेदरूप का शव बरामद

मैहर।

सोन-महानदी के संगम पर स्थित मार्कण्डेय घाट पर शनिवार को लापता हुए 15 वर्षीय वेदरूप गुप्ता का शव रविवार सुबह 9:30 बजे बरामद कर लिया गया। शनिवार सुबह असुरक्षित घाट पर नहाने के दौरान वेदरूप गहरे पानी में समा गया था। सतना की रेस्क्यू टीम देर शाम तक तलाश के बाद अभियान रोकने को मजबूर हुई थी। परिजनों की पीड़ा और स्थानीय मांग के बाद रविवार सुबह 6:00 बजे से रेस्क्यू अभियान पुनः शुरू किया गया। रीवा से पहुंचे गोताखोरों और विशेषज्ञों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद वेदरूप का शव घटनास्थल से 30 मीटर दूर नदी से शव को निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि सतना जिले के



चोरहटा निवासी गुप्ता परिवार रामनगर में एक रिश्तेदारी के यहां आयोजित भंडारा और विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे कार्यक्रम के बाद विसर्जन के लिए वेद गुप्ता अपनी मां और चाची समेत सभी लोगों के साथ मार्कण्डेय घाट पर नहाने के लिए उतरा था इसी दौरान तीनों गहरे पानी में चले गए।घाट पर मौजूद लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वेद की मां और चाची को बाहर निकाल लिया लेकिन तेज बहाव में वेद बह कर लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोतोखोर और पुलिस ने शनिवार की शाम देर तक वेद की तलाश की थी लेकिन उसका कोई पता नहीं चलने पर कार्रवाई को रोकनी पड़ी थी। गोताखोरों ने रविवार का सुबह 6 बजे दोबारा सर्च आपॅरेशन शुरू किया गया और लगभग 9.30 बजे शव बरामद कर लिया गया।


### सुरक्षा पर सवाल

मार्कण्डेय संगम पर सुरक्षा इंतजामों के अभाव को लेकर स्थानीय लोग एक बार फिर चिंता जता रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि धार्मिक आस्था का केंद्र होने के बावजूद इस घाट पर पर्याप्त चेतावनी, बैरिकेडिंग और रेस्क्यू संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

# सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में चोरी, 11-11 किलो के दो घंटे ले उड़े चोर, उचेहरा थाना क्षेत्र में सप्ताह भर में मंदिर में दूसरी वारदात

सतना।

नागौद विधानसभा के उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोबरांव कला स्थित प्राचीन एवं क्षेत्र की आस्था के प्रमुख केंद्र सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर परिसर में लगे लगभग 11-11 किलोग्राम वजनी 2 ऐतिहासिक पीतल के घंटे चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में आक्रोश फैल गया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह जब मंदिर के मुख्य पुजारी एवं ग्रामीण नियमित पूजा-

अर्चना के लिए पहुंचे तो दोनों घंटे गायब मिले। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पवित्र शिवलिंग के साथ असम्मानजनक कृत्य किया गया है,जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। मामले की सूचना मिलते ही उचेहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है।उल्लेखनीय है कि उचेहरा थाना क्षेत्र में महज एक सप्ताह के भीतर मंदिर को निशाना बनाकर चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले रामपुर पाठा स्थित नीलकंठ मंदिर से भगवान की चांदी की बांसुरी,चांदी के सिक्के सहित अन्य कीमती सामान चोरी हुआ था। लगातार दूसरी वारदात ने क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में भय एवं आक्रोश का माहौल है और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग लगातार तेज होती जा रही है।

# निजी गाड़ी को 'एम्बुलेंस बना कर किया जा रहा मरीजों की जान से खिलवाड़

मैहर।

मैहर जिले के शासकीय चिकित्सालय में एक निजी वाहन को धड़ल्ले से 'एम्बुलेंस' बनाकर दौड़ाया जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि वाहन क्रमांक एमपी 21 बीए 3313 पर अवैध रूप से आपातकालीन संकेतक (फ्लैशर/हूटर्स),नीलीबत्ती और एम्बुलेंस की ब्रांडिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह कथित एम्बुलेंस रोजाना मैहर सिविल अस्पताल से मरीजों को लेकर आती-जाती है। यह गाड़ी कोतवाली थाना परिसर और शहर के प्रमुख चौराहों से अधिकारियों के सामने से गुजरती है,लेकिन आज तक इस अवैध एम्बुलेंस पर जांच नही की गई है न ही किसी पुलिस विभाग के द्वारा इसे रोक कर कागजात देखें गए है जबकि मैहर यातायात विभाग के द्वारा आए दिन चालानी काटने के सामने आते रहते है। लोगों का कहना है कि यदि यह वाहन निजी(प्राइवेट) श्रेणी में पंजीकृत है,तो इसे जीवन रक्षक एम्बुलेंस के रूप में संचालित करने की अनुमति किसने दी? क्या इसके पास गंभीर मरीजों को ले जाने के लिए आवश्यक परमिट,फिटनेस सर्टिफिकेट और वैधानिक अनुमतियां हैं? या फिर किसी बड़े रसूखदार की शह पर यह पूरा 'गोरखधंधा' चल रहा है? स्थानीय लोगों के द्वारा सवाल उठाए जा रहे है कि क्या वाहन क्रमांक एमपी 21 बीए 3313 का आधिकारिक पंजीयन परिवहन विभाग के रिकॉर्ड में 'एम्बुलेंस श्रेणी' में है? क्या इस गाड़ी के पास मरीजों की जान सुरक्षित रखने के लिए वैध परमिट और फिटनेस प्रमाणपत्र मौजूद हैं? सड़क पर चलते समय नीली बत्ती,फ्लैशर और आपातकालीन संकेतकों के उपयोग की अनुमति इस वाहन को किसने और किस कानून के तहत दी गई है अगर इस वाहन से मरीजों को ले जाते समय अगर कोई हादसा हो जाता है तो इसका जवाबदार कौन होगा। सवाल यह भी उठ रहे है कि अगर यह गाड़ी निजी है और बिना नियमों के चल रही है,तो अब तक आरटीओ और पुलिस ने इस पर जब्ती की कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। बताया जा रहा है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत विशेष चेतावनी उपकरणों और आपातकालीन लाइटों का उपयोग केवल और केवल अधिकृत आपातकालीन वाहनों द्वारा ही किया जा सकता है। एक गैर-पंजीकृत या निजी वाहन को एम्बुलेंस का रूप देना न सिर्फ गैर-कानूनी है,बल्कि इसमें सफर करने वाले मरीजों की जिदगी के साथ भी बड़ा खिलवाड़ है। स्थानीय लोगों के द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग सहित परिवहन विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कि एम्बुलेंस के रूप में चल रही वाहन क्रमांक एमपी 21 बीए 3313 के पंजीयन,परमिट,फिटनेस और संचालन से जुड़े सभी दस्तावेजों की तत्काल और निष्पक्ष जांच की जाए क्यों कि कानून सबके लिए बराबर है,चाहे वो कोई रसूखदार हो या आम आदमी। अगर इस मामले में काली कमाई या भ्रष्टाचार की बू आ रही है,तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# दिवंगत माता स्वर्गीय श्यामा सिंह की स्मृति में समर्पित किया अस्पताल

सतना।

जिले के प्रसिद्ध गायनेकोलॉजिस्ट डॉ.योगेंद्र सिंह अपनी मातृभूमि के मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए 'श्यामा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल' की शुरुआत की है। रीवा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और बीकानेर से एमएस करने वाले डॉ.सिंह ने गुजरात और राजस्थान में 22 वर्षों तक सेवाएं दी हैं। उन्होंने यह अस्पताल अपनी दिवंगत माता स्वर्गीय श्यामा सिंह की स्मृति में




समर्पित किया है।

### अस्पताल की प्रमुख सुविधाएं:

**24 घंटे सेवाएं:** मेडिकल और सर्जिकल आपातकालीन सुविधाएं।

आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चरः सर्वसुविधायुक्त ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू।

एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्सः 3D/4D सोनोग्राफी,कलर डॉप्लर और डिजिटल एक्स-रे।

**सस्ती दरें:** न्यूनतम खर्च में उच्च स्तरीय और संवेदनशील इलाज।

## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े लाखों की चोरी, जेवरात सहित नगदी ले गए चोर

**पन्ना।** शहर के वार्ड क्रमांक 11 आगरा मोहल्ला कैंटाबेल शोरूम के पीछे रहने वाले सीएमएचओ कार्यालय पन्ना में पदस्थ बाबू कृष्ण कुमार साहू के घर से लाखों रुपए के सोने चांदी की जेवर और नगदी की चोरी हो गई । उक्त घटना विगत 26 जून की है जब फरियादी कृष्ण कुमार साहू कार्यालय में थे तथा उनकी पत्नी राज नगर शादी समारोह में गई थी चोरों ने घटना को दिनदहाड़े अंजाम दिया है इससे साबित होता है कि चोरी में आसपास के लोग शामिल हैं क्योंकि उन्हें जानकारी होगी कि घर में कोई नहीं है आवेदक द्वारा जिन जेवरात का उल्लेख किया है उसमें सोने के आभूषण .गले का हार लगभग 2.5 तोला मनचली लगभग 1 तोला .मंगल सूत्रलगभग 1 तोला सोने की चौन लगभग 1.25 तोला.ब्रिजबाला 2 नग कुल लगभग 1 तोला कान की झुमकी 2 नग कुल लगभग 2 तोला अंगूठी 2 नगकुल लगभग 5 ग्राम कुल सोना सवा नौ तोला सोने के जेवर है। इसी प्रकार चाँदी की पायल 8 जोड़ी कुल लगभग 40 तोला चाँदी की चूड़ी 10 नग कुल लगभग 10 तोला पाँच नग सिक्का (चाँदी के) संख्या 5 कुल 05 तोला कल चांदी का वजन 55 तोला साथ में नगदी रकम बताई गई है। सामान एवं नगदी मिलाकर दस लाख से ऊपर की चोरी बताई जा रही है।

### रात्रि में सोते समय सर्पदंश से 17 वर्षीय किशोरी की मौत



**शाहनगर।** विकासखंड शाहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसानी के भटिया मोहल्ला से सर्पदंश की एक दुखद घटना सामने आई है। रात्रि के समय सो रही 17 वर्षीय किशोरी के कान में कथित रूप से सांप के काटने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रियंका कबीरपंथी (उम्र लगभग 17 वर्ष), पिता कमलेश कुमार कबीरपंथी, निवासी बिसानी रात्रि में अपने घर पर जमीन में सो रही थी। इसी दौरान उसे कथित रूप से किसी विषैले सर्प ने काट लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहनगर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शाहनगर पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक पंचनामा एवं मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम डॉ. सर्वेश कुमार लोधी द्वारा किए जाने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिबंध के बावजूद अमानगंज में अवैध बोरिंग मशीनों का तांडव विद्युत पोल तोड़कर लौटी मशीन, कर्मचारी बाल-बाल बचे

## रातभर गुल रही बिजली, स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग और पुलिस को दी सूचना






**अमानगंज।** पन्ना जिले में जिला कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश के बावजूद अवैध बोरिंग मशीनों द्वारा कथित अवैध खनन जारी रहने के आरोप सामने आ रहे हैं। इसी बीच अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित बड़ी देवी मंदिर पास एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बताया जा रहा है कि ज्ळ 12 । 2448 नंबर की एक बोरिंग मशीन कथित रूप से रात में अवैध खनन कर लौट रही थी। इसी दौरान संकरी गली से गुजरते समय मशीन विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पोल क्षतिग्रस्त होकर मशीन के छज्जे पर ही गिर पड़ा। गनीमत रही कि मशीन में बैठे कर्मचारी बाल-बाल बच गए और कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद पूरे मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति रातभर बाधित रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्होंने तत्काल विद्युत विभाग और पुलिस को सूचना दी, लेकिन देर रात तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे उमस भरी गर्मी में लोगों को पूरी रात परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिला कलेक्टर द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद जिले में अवैध बोरिंग मशीनें लगातार संचालित हो रही हैं और प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में विफल नजर आ रहा है। अब देखना होगा कि इस घटना के बाद संबंधित बोरिंग मशीन संचालक के विरुद्ध कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

# तेज रफ्तार बल्कर ट्रक ने बोलेरो को मारी टक्कर, लगुन में जा रहे 7 लोग घायल





**अमानगंज।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार बल्कर ट्रक ने सामने से बोलेरो वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में लगुन समारोह में जा रहे सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को डायल-112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस के अनुसार फरियादी जागेश्वर यादव (26) निवासी ग्राम पाटन, जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने रिश्तेदार चंदू यादव की बेटी की लगुन लेकर ग्राम सलईयां से झझर जा रहे थे। बोलेरो वाहन को देवेन्द्र यादव चला रहे थे। वाहन में हाकम यादव, चंदू यादव, ओमप्रकाश यादव, बैनीराम सेन, राजेश यादव, दयाराम यादव सहित अन्य लोग सवार थे,रात करीब 10 बजे जब उनकी बोलेरो गडोखर गांव के सामने पहुंची, तभी अमानगंज की ओर से आ रहे बल्कर ट्रक क्रमांक डच्20भ्ठ6295 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी,हादसे में बोलेरो सवार सात लोगों को सिर, हाथ, पैर, सीने एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। अमानगंज थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281, 125(ए) तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पवई में बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की दवा

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ, अभिभावकों से बच्चों को बूथ तक लाने की अपील





**पवई** – राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पवई में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई गई। अभियान का शुभारंभ स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र एवं विभिन्न पोलियो बूथों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया।अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने बूथों पर बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई। इसके साथ ही अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक बच्चे को दवा अवश्य पिलाने की अपील की गई।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के अगले चरण में घर-घर जाकर उन बच्चों को भी पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को सफल बनाने में सहयोग करें।

## करंट ने छीनी घर के मुखिया की जिंदगी

# अमानगंज में काम करते समय बड़ा हादसा चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



**अमानगंज।**

अमानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सनोरा में आज रविवार को एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ अपने ही घर का काम कर रहे एक 45 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था, जिसके अचानक चले जाने से पूरे गांव में मातम छा गया है और हंसते-खेलते परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दरवाजा लगाते समय फैला करंट प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सनोरा निवासी किशुन अहिरवार (45 वर्ष), पिता सरमनिया अहिरवार अपने घर में दरवाजा लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक दरवाजे में हाई-वोल्टेज विद्युत करंट प्रवाहित हो गया। किशुन इसकी चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए।

**अस्पताल पहुँचने से पहले थमी सांसें-**

घटना की भनक लगते ही सरपंच प्रतिनिधि अक्कू रिछारिया ने त्वरित संवेदनशीलता और मानवता का परिचय दिया। उन्होंने बिना वक्त गंवाए अपने निजी वाहन से गंभीर रूप से झुलसे किशुन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुँचाया। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**अनाथ हुए बच्चे, पत्नी पर टूटा मुसीबतों का पहाड़-**

मृतक किशुन अपने घर के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे जो किसी तरह मजदूरी का काम करके अपना घर चलाते थे उनके निधन से तीन बेटियों और एक बेटे के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। हालांकि दो बेटियों की शादी हो चुकी है, लेकिन एक बेटी और एक बेटा अभी पूरी तरह आश्रित हैं। अब पूरे परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उनकी बेबस पत्नी के कंधों पर आ गई है।

**ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग-**

इस दर्दनाक हादसे के बाद से सनोरा गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही, बेसहारा हो चुके इस गरीब परिवार की स्थिति को देखते हुए शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल उचित आर्थिक सहायता और मुआवजा दिए जाने की पुरजोर मांग की है।

# पवई में जगदीश स्वामी की भव्य स्नान यात्रा आज होगी संपन्न लू लगने से भगवान होंगे अस्वस्थ, 15 दिन रहेंगे पट बंद

**16 जुलाई को निकलेगी रथ यात्रा, 15 जुलाई को धूप कपूर की आरती**



**पवई।** नगर स्थित ऐतिहासिक जगदीश स्वामी मंदिर में आज सोमवार को परंपरागत स्नान यात्रा धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगी। इस अवसर पर मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान जगदीश स्वामी, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को आसान पर विराजमान कर विधिवत स्नान कराया जायेगा। मंदिर के पुजारी अंशुल अनूप पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि परंपरा अनुसार स्नान के बाद भगवान को लू लग जाती है, जिससे वे 15 दिन तक विश्राम करते हैं। इस अवधि में मंदिर के पट बंद रहते हैं और भगवान की सेवा विशेष रूप से 'अनाशक्त अवस्था' में की जाती है।स्नान यात्रा के दौरान भगवान को मिट्टी के छिद्रयुक्त परंपरागत घड़ों से स्नान कराया जाएगा। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ भगवान का स्वागत किया जाएगा। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करने पहुंचेगे। स्नान उपरांत भगवान को विश्राम हेतु विशेष शयन कक्ष में ले जाया जाएगा और आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अब भगवान 15 दिन तक बीमार रहेंगे, जिन्हें 'अनासक्ति पर्व' कहा जाता है। इस दौरान मंदिर में विशेष सेवा और पूजन किया जाएगा। आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पुजारी अंशुल पाठक ने बताया कि 14 जुलाई को पथ-प्रसाद का आयोजन होगा,15 जुलाई को धूप और कपूर आरती की जाएगी, 16 जुलाई को नगर में भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा पवई की एक ऐतिहासिक परंपरा है, जिसमें भगवान जगदीश स्वामी रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं। बैंड-बाजों, झांकियों, भक्तों की टोलियों और आकर्षक सजावट के बीच यह यात्रा धार्मिक आस्था और लोक परंपरा का संगम बन जाती है।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों, युवाओं व सेवाभावी संस्थाओं द्वारा मिलकर उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया जाता है , स्थानीय प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा भी व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई जाती है ।ओर सभी लोग रथयात्रा बारात में शामिल होते है।

# अजयगढ़ ब्लॉक ग्राम छतैनी से गरीब रज्जू सेन की मौत को बीस दिन हो गए नहीं मिली कोई सहायता

**पांच बच्चियों के सिर से उठ गया पिता का साया परिवार दर-दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर**





**पन्ना।** विगत 12 जून को तहसील अजयगढ़ अंतर्गत ग्राम छतैनी में रेत से भरे एक ट्रैक्टर द्वारा रज्जू सेन को टक्कर मार दी थी जिससे उनकी घटना से स्थल पर ही मौत हो गई थी । उक्त घटना से पूरा परिवार बुरी तरह प्रभावित हुआ क्योंकि रज्जु सेन ही अपने परिवार के कमाऊ थे । मृतक रज्जु सेन की पांच बेटियां हैं जिनकी पढ़ाई छूट गई है खाने पीने के लिए भोजन की व्यवस्था नहीं है उसके बावजूद शासन प्रशासन तथा टक्कर मारने वाले रेत ट्रैक्टर संचालक द्वारा कोई सहायता नहीं की गई है जिससे उक्त परिवार बुरी तरह प्रभावित है तथा भूखो मरने की कगार पर है जबकि शासन द्वारा गरीब परिवारों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रहे हैं लेकिन गरीबों को उक्त योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलता है । शाशन द्वारा तत्काल उनकी सहायता करनी चाहिए तथा बेटियों की पढ़ाई की व्यवस्था करनी चाहिए। उक्त घटनाक्रम को लेकर पन्ना जिले की सेन समाज द्वारा पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा कहा कि समाज की ओर से जो सभी सहयोग है हम लोग करने के लिए तैयार है लेकिन शासन की योजनाओं का समय से उक्त परिवार को लाभ मिलना चाहिए जिससे पीड़ित परिवार का उदर पोषण हो सके साथ ही अवैध रूप से चल रहे कृषि कार्य में लगे ट्रैक्टर जो रेत का अवैध कारोबार कर रहे हैं उन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए । सेन समाज के प्रतिनिधि मंडल में समाज के अध्यक्ष दीनदयाल सेन डॉक्टर सुरेश सेन चंद्रभान सेन प्रमोद सेन चतुरेश सेन अजय सेन बृजमोहन सेन आदि शामिल रहे।

# नल-जल योजना के नाम पर पन्ना में ठेकेदार की गुंडागर्दी सरकारी शह पर टूटी सड़कों पर घटिया निर्माण की लीपापोती



**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना साल 2026 में भी पन्ना जिले की ग्राम पंचायत गंज में प्यास बुझाने के बजाय जनता के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। चार महीने पहले पूरे क्षेत्र की पक्की आरसीसी सड़कों को बेरहमी से तहस-नहस करने के बाद ठेकेदार ने अब जाकर महज औपचारिकता के लिए पाइपलाइन डालने का काम शुरू किया है पूरे गांव में अधिकतर पाइपलाइन आर सीसी के ऊपरी सतह में ही पाइप डाल कर उसके ऊपर ही लोकल नदिया की बालू एवं 40 एमएम की गिट्टी का उपयोग किया गया है तथा हद तो तब हो गई जब इस टूटी हुई सड़क को सुधारने के नाम पर महज दो से तीन इंच का घटिया मसाला डालकर सरेआम लीपापोती की जा रही है। इस भ्रष्टाचार में चार चांद लगाने के लिए ठेकेदार के गुर्गे ग्रामीणों के घरों से जबरन बिजली ले रहे हैं और विरोध करने पर सीधे नल कनेक्शन ना करने की धमकी दे रहे हैं। जब ग्रामीण अपनी ही संपत्ति के दुरुपयोग पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें थाने में पैसों की अड़ीबाजी का झूठा मुकदमा दर्ज करवाएंगे। इस पूरे काले कारनामे में निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल हो रही संदिग्ध नोट फॉल रिटेल सेल श सीमेंट अपनी ही कहानी बयां कर रही है। जब इस अराजकता और तकनीकी मापदंडों के उल्लंघन को लेकर विभाग के जिम्मेदार इंजीनियर से सीधे सवाल पूछे की क्या ठेकेदार द्वारा आरसीसी तोड़ने के लिए लोगों के घरों से लाइट ली जा रही है तो क्या यह नियम में है तथा जो बालू उपयोग की जा रही है वह भी लोकल नदिया की वालु है तो वे इन प्रश्नों का जवाब नहीं दे पाए गए, तो उनकी बोलती बंद हो गई। आरसीसी में कितने इंच मसाला पढ़ना चाहिए इसका जवाब भी नहीं दे पाए जब उपयंत्री से पूछा गया कि क्या गांव के ही लोगों के घरों से उनके द्वारा आरसीसी तोड़ने के लिए ड्रिल मशीन चलाने के लिए क्या लाइट जोड़ी जा सकती है तो वे जवाब नहीं दे पाए उनकी बोलती बंद हो गई ठेकेदारों की गुंडागर्दी को देखते हुए लोगों द्वारा नल जल योजना के जिला स्तर के अधिकारी आर ई दीपक चतुर्वेदी क्वालिटी इंजीनियर आशुतोष दुबे सहित पूरा दल बल पहुंचा तथा इन लोगों ने भी स्वीकार किया कि हां यह जो पाइप लाइन डाली गई है यह आरसीसी के नीचे होनी चाहिए यह गंभीर लापरवाही है इनको तत्काल ठीक कर नए सिरे से कार्य करवाए आरसीसी के ऊपर एक हफ्ते तक लगातार पानी तराई के भी आदेश दिए गए घटिया निर्माण कार्य के संबंध में लोगों के द्वारा जिला स्तर के अधिकारी क्या शासन की तरफ से पूरे क्या मिक्सर मशीन चलाने के लिए लाइट का टेंडर नहीं हुआ तो इसका भी जवाब नहीं दे पाए और खोदे गए गड्ढों एवं आईसीसी को भरने के लिए क्या समय सीमा है पर कोई तथ्यात्मक जवाब देने के बजाय साहब ने फोन काटकर बोला गया कि मैं पन्ना से आकर श्पर्सनल मिलनेश का न्योता दे डाला, जो इस महाघोटाले में अधिकारियों और ठेकेदार की गहरी साठगांठ की तरफ साफ इशारा करता है।

## कपड़ा व्यापारी के पुत्र का अपहरण कर 10 लाख रुपये की फिरौती की गई थी मांग,

# पन्ना पुलिस की तत्परता से पवई थाना क्षेत्र से अपहृत युवक सकुशल दस्तयाब

## रातभर चले सर्च ऑपरेशन के बाद हथकुरी के जंगल से सकुशल किया गया रेस्क्यू



**पवई।** पन्ना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई, तकनीकी विश्लेषण एवं प्रभावी रात्रिकालीन सर्च ऑपरेशन के माध्यम से अपहरण की एक गंभीर घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए अपहृत युवक को सकुशल दस्तयाब कर लिया है। दिनांक 27 जून 2026 की रात्रि लगभग 8:00 बजे थाना पवई में सूचना प्राप्त हुई कि पवई निवासी कपड़ा व्यापारी श्री राजेश कुमार डेंगरे के 20 वर्षीय पुत्र अंशुल उर्फ कान्हा का कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। अपहरणकर्ताओं द्वारा युवक को छोड़ने के एवज में 10 लाख रुपये की फिरौती की मांग की जा रही थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पवई निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार ने घटना की गंभीरता से पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू को तत्काल अवगत कराया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। साथ ही तकनीकी सहायता एवं डिजिटल विश्लेषण हेतु साइबर सेल, पन्ना को भी तत्काल सक्रिय किया गया। गठित टीम द्वारा बिना समय गंवाए अपहृत युवक की तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों के आधार पर संभावित स्थानों की लगातार तलाश की गई। रात्रि के समय लगातार हो रही बारिश, घना अंधेरा एवं दुर्गम वन क्षेत्र जैसी विषम परिस्थितियों के बावजूद पुलिस टीम ने कई किलोमीटर तक पैदल सर्च ऑपरेशन चलाया। लगातार प्रयासों एवं प्रभावी रणनीति के परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने हथकुरी के समीप स्थित जंगल से अपहृत युवक अंशुल उर्फ कान्हा को सकुशल दस्तयाब कर लिया। युवक की सुरक्षित बरामदगी की गई। आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए है, जिसकी तलाश जारी है। प्रारंभिक पूछताछ में युवक द्वारा बताए गए तथ्यों के आधार पर अपहरण की घटना का घटनाक्रम संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। पुलिस द्वारा मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रकरण में संलिप्त सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण का पूर्ण खुलासा किया जाएगा।

**फरार आरोपी -**

1. राजू उर्फ राजकमल रजक, 2. शिवेन्द्र सिंह, 3. राजकुमार पाल

**सराहनीय भूमिका-**

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक बुद्धसिंह यादव, आरक्षक नीरज रैकवार, आरक्षक रमाकांत कुर्मी एवं साइबर सेल, जिला पन्ना की टीम की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात बोलेरो ने टैक्सी को मारी टक्कर, चालक की मौत, कई यात्री घायल

**बमीठा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में टैक्सी चालक की मौत हो गई, जबकि टैक्सी में सवार पांच यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सवारियों से भरी टैक्सी बागेश्वर धाम से खजुराहो रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने टैक्सी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टैक्सी चालक और सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम और डायल-112 मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। रास्ते में टैक्सी चालक छोटू कुशवाहा 34 वर्ष, पिता कालीचरण, निवासी चुरारान की मौत हो गई। वहीं घायल पांच यात्रियों का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात बोलेरो चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### रास्ते में रोककर जेसीबी चालक से मारपीट, सिर में ईंट मारकर किया घायल



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के बहारगंज गांव निवासी 26 वर्षीय पुरन यादव पिता नोनेलाला यादव के साथ रास्ते में मारपीट का मामला सामने आया है। घायल पुरन यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सटई से जेसीबी मशीन चलाकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और पैसों की मांग करने लगे। पीड़ित के अनुसार, पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी रमिकिशोर यादव, मोहन यादव और भगबली यादव ने उसके साथ मारपीट की तथा सिर में ईंट मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों की मदद से उसे उपचार के लिए सटई स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की शिकायत सटई थाना में दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### जामुन तोड़ते समय पेड़ से गिरा किशोर, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र के बक्सी पुरवा गांव में जामुन तोड़ते समय एक किशोर हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय हलके कुशवाहा, पिता किसान कुशवाहा, गांव में जामुन तोडने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान जिस डाल पर वह खड़ा था, वह अचानक टूट गई, जिससे वह नीचे गिर गया। हादसे में किशोर के मुंह पर गंभीर चोटें आईं। परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू कर दिया है। घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### 16 साल से फरार हत्या का आरोपी न्याय पथ अभियान में गिरफ्तार, 10 हजार का इनामी था अपराधी



**छतरपुर।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत थाना महाराजपुर पुलिस ने 16 वर्ष पुराने हत्या के मामले में फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी वर्ष 2015 में पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद से फरार था और उसके खिलाफ माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी जारी था। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में पुराने लंबित मामलों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना महाराजपुर क्षेत्र के वर्ष 2010 के हत्या प्रकरण में आरोपी शिवचरण उर्फ नन्हेभैया पटेल, निवासी ग्राम पुर, थाना महाराजपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी केंद्रीय जेल भोपाल में बंद था, लेकिन दिसंबर 2015 में पैरोल समाप्त होने के बाद वापस जेल नहीं लौटा और तब से फरार चल रहा था। उसकी फरारी का अलग से प्रकरण थाना गांधीनगर, भोपाल में दर्ज था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# फ्री' बीज पर वसूली पड़ी भारी, किसानों से अवैध वसूली पर कृषि विभाग सख्त, एफपीओ का चयन निरस्त

**निःशुल्क बीज वितरण में सदस्यता शुल्क वसूलने की शिकायत सही मिली, उपसंचालक कृषि की कार्रवाई**

**छतरपुर। राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल (तिलहन) योजना के तहत किसानों को निःशुल्क बीज वितरण में अनियमितता सामने आने पर कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चयनित बुन्देलखण्ड किसान एकता प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) का योजनांतर्गत चयन निरस्त कर दिया है। विभागीय जांच में किसानों से सदस्यता शुल्क के नाम पर राशि वसूलने की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई।**



योजना के तहत वैल्यू चैन क्लस्टर में किसानों को विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में पूरी तरह निःशुल्क बीज वितरण किया जाना था। विकासखंड छतरपुर में बीज वितरण का जिम्मा चयनित एफपीओ को सौंपा गया था। इसी दौरान किसानों से सदस्यता शुल्क के नाम पर पैसे लिए जाने की शिकायत कृषि विभाग तक पहुंची। शिकायत मिलते ही विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से ली गई राशि तत्काल वापस कराई। इसके बाद बिना किसी शुल्क के पात्र किसानों को बीज वितरित कराया गया। मामले को गंभीर मानते हुए एफपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और जांच समिति गठित कर विस्तृत जांच कराई गई। जांच में योजना की गाइडलाइन का उल्लंघन और किसानों से शुल्क वसूली की पुष्टि होने पर कृषि विभाग ने संबंधित एफपीओ का चयन निरस्त कर दिया। साथ ही संस्था को निर्देश दिए गए हैं कि बीज वितरण से संबंधित कृषकों की सूची और शेष बचा बीज तत्काल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड छतरपुर के कार्यालय में जमा कराया जाए। उपसंचालक कृषि ने स्पष्ट किया है कि शासन की योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता या किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अस्पताल की केंटीन पर फूड सेफ्टी टीम की कार्रवाई, खाद्य सामग्री के लिए नमूने



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार सैंपलिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिला अस्पताल परिसर में संचालित केंटीन का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने जांच के लिए भेजे। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.के. तिवारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था और केंटीन संचालन से जुड़े आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान दलिया, अरहर दाल, चावल एवं रोटियों के नमूने संग्रहित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए, जहां उनकी गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप होने की जांच की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने केंटीन संचालक को निर्देश दिए कि खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही कच्ची और पकी हुई खाद्य सामग्री का स्वच्छ वातावरण में सुरक्षित भंडारण तथा भोजन तैयार करने की पूरी प्रक्रिया में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दारू ठेके पर सलामी देती एम्बुलेंस अस्पताल में दम तोड़ती रही व्यवस्था



**छतरपुर। जिले के घुवारा नगर से स्वास्थ्य व्यवस्था को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि सरकारी अस्पताल की एम्बुलेंस मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और आपातकालीन सेवा देने के बजाय शराब ठेके के बाहर करीब दो से ढाई घंटे तक खड़ी रही। इस दौरान अस्पताल में जरूरतमंद मरीज एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब स्थानीय जागरूक ग्रामीणों ने एम्बुलेंस चालक से वाहन शराब ठेके के बाहर खड़ा करने का कारण पूछा तो उसने खाना खाने की बात कहकर मामला टालने का प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि एम्बुलेंस का इस तरह लापरवाही से उपयोग किया जाना कोई नई बात नहीं है और यह स्थिति अक्सर देखने को मिलती है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद आम लोगों में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है। लोगों का कहना है कि जिस एम्बुलेंस का उपयोग मरीजों की जान बचाने के लिए होना चाहिए, उसका इस तरह इस्तेमाल होना बेहद गंभीर और चिंताजनक है। अब लोगों की निगाहें प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पर टिकी हैं। देखना होगा कि मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है और भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

**कैमरे के सामने 'दो बूंद', कैमरा हटते ही अधिकारी गायब**

# पल्स पोलियो अभियान के पहले दिन अव्यवस्थाएं, मॉनिटरिंग पर उठे सवाल



**छतरपुर।** जिले में रविवार 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। अभियान की शुरुआत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों को पोलियो की "दो बूंद जिंदगी की" पिलाकर की तथा फोटोशूट कराया। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही देर बाद अधिकांश जिम्मेदार अधिकारी मौके से गायब हो गए, जिससे कई पोलियो बूथों पर व्यवस्थाएं प्रभावित होती नजर आईं।

जानकारी के अनुसार, अभियान के तहत जिले भर में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। कई बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मचारियों के स्थान पर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राएं बच्चों को दवा पिलाते दिखाई दिए, जबकि उनके साथ तैनात अनुभवी स्वास्थ्य कर्मचारी कई स्थानों पर मौजूद नहीं थे। ऐसे में अभियान की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर के छत्रसाल चौराहे पर बनाए गए पोलियो बूथ पर भी कई अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। यहां पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं थी। वहीं अभियान की मॉनिटरिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर दिखाई नहीं दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय महत्व के इस अभियान में यदि इस प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो बच्चों के स्वास्थ्य के साथ समझौता होगा। लोगों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने केवल उद्घाटन और फोटोशूट तक ही अपनी जिम्मेदारी निभाई, जबकि पूरे दिन अभियान की निगरानी के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नजर नहीं आई।

गौरतलब है कि पल्स पोलियो अभियान चार चरणों में संचालित होना है। ऐसे में पहले ही दिन सामने आई अव्यवस्थाओं ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि आगामी चरणों में अभियान प्रभावी और सफल ढंग से संचालित हो सके।

## कुटनी डैम के पास 20 फीट गहरी खाई में पलटी कार, बच्ची गंभीर घायल



**छतरपुर।** छतरपुर **जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटनी डैम के समीप एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं।**

घटना के बाद मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और अपने चार पहिया वाहन की मदद से सभी घायलों को खाई से निकालकर राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल बच्ची की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर किए जाने की संभावना जताई है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर कार के अनियंत्रित होने से हादसा होना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## माया एजेंसी की मानवीय पहल, अनाथ तीन बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए 60 हजार रुपये की एफडी की भेंट।



**नौगांव।** सामाजिक सरोकार और बेटियों के प्रति संवेदनशीलता का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नगर की प्रतिष्ठित माया एजेंसी की प्रोपराइटर श्रीमती शैलजा श्रीवास्तव ने ग्राम चिरवारी इमलिया निवासी कुशवाहा परिवार की बिन माता-पिता की तीन बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से 60 हजार रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) प्रदान की। यह सम्मानजनक सहयोग उनके निज निवास पर एक सादे आयोजित कार्यक्रम में शोभा देवी सामाजिक समिति के संस्थापक संदीप सत्या, उपाध्यक्ष शंभु दयाल गुप्ता एवं सदस्य कैलाश वर्मा की उपस्थिति में बेटियों जिनमें देवकी, सावित्री और भानकुंवर कुशवाहा को समिति के संरक्षण में सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि माता-पिता का साया खो चुकी इन बेटियों के लिए यह आर्थिक सहयोग केवल एक सहायता नहीं, बल्कि उनके बेहतर और आत्मनिर्भर भविष्य की मजबूत नींव है। ऐसे सामाजिक कार्य समाज में मानवता, संवेदनशीलता और बेटियों के प्रति सम्मान का संदेश देते हैं। शोभा देवी सामाजिक समिति ने श्रीमती शैलजा श्रीवास्तव के इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों द्वारा आगे आकर जरूरतमंद बेटियों का हाथ थामना ही सच्ची सामाजिक सेवा है।

## थाने के पास सड़क हादसा, चार पहिया वाहन से टकराई बाइक; युवक गंभीर घायल



**छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब 12 बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, कनेरा निवासी 26 वर्षीय रमेश कुशवाहा बाइक से अपने घर से गढ़ीमलहरा जा रहे थे। इसी दौरान गढ़ीमलहरा थाना के पास उनकी बाइक की एक चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायल रमेश कुशवाहा को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भर्ती कर लिया। फिलहाल अस्पताल में उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## दिनदहाड़े चोरी से भड़का ग्रामीणों का गुस्सा, हाईवे पर डेढ़ घंटे जाम, पुलिस पर आरोपी छोडऩे का आरोप



**बड़ामलहरा।** शनिवार को दिनदहाड़े हुई एक चोरी ने ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ दिया। चोरी की वारदात के बाद पकड़े गए आरोपी को पुलिस द्वारा छोडऩे के आरोप से नाराज ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब डेढ़ घंटे तक चक्काजाम कर दिया। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे ग्राम निवासी अतरा नाथ के घर चोरों ने धावा बोल दिया।आरोप है कि बदमाश घर से दो बोरी गेहूं, लगभग 250 ग्राम चांदी की करधन,लगभग 250 ग्राम चांदी की पायल,हाथ का चूड़ा तथा एक चांदी का सिक्का चोरी कर ले गए।

ग्रामीणों के अनुसार-मौके पर मौजूद नरेश नागवंशी ने साहस दिखाते हुए एक आरोपी नरेश आदिवासी निवासी मनकारी को पकड़ लिया जबकि उसके साथ मौजूद लगभग छह अन्य आरोपी भाग निकले। इसके बाद ग्रामीणों ने पहाड़ी पर लगी झाड़ियों में तलाश की जहां से चोरी गया अधिकांश सामान बरामद कर लिया गया। ग्रामीणों ने पकड़े गए आरोपी को तत्काल गुलगंज पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि फरियादियों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी से केवल औपचारिक पूछताछ की और बाद में उसे छोड़ दिया। इसी आरोप से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और दोपहर लगभग 3 बजे उन्होंने हाईवे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए आपातकालीन एवं आवश्यक वाहनों को रास्ता देकर संवेदनशीलता भी दिखाई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब 4:10 बजे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रोहित अलावा ने ग्रामीणों से चर्चा कर चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया और राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पुनः सुचारु हो सका।

## नाट्य कार्यशाला में स्पेशल रहा रविवार का दिन

# अभ्यर्थियों ने मास्क मेकिंग और रूप सज्जा के बारे में जाना

छतरपुर।



**शहर के गांधी आश्रम में इन दिनों 25 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल और शंखनाद नाट्य मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में रंगमंच में रुचि रखने वाले अभ्यर्थियों को रंगमंच के विभिन्न आयामों और बारीकियों से परिचित कराया जा रहा है।**

लगातार 6 घंटे रोजाना चलने वाली इस कार्यशाला में बॉडी मूवमेंट, व्यक्तित्व विकास, रंगमंचीय अभिनय, लाइट्स, साउंड, वॉयस एक्सरसाइज, मेक अप, प्रॉपर्टी मेकिंग सहित मंच सज्जा आदि के गुर सिखाये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि छोटे शहरों और कस्बों में प्रतिभाएं छिपी हैं लेकिन इन्हें उचित प्रशिक्षण और मंच न मिलने पर ये रील बनाने तक सीमित रह जाते हैं।इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से युवा रंगमंच और अभिनय की बारीकियों को समझेंगे। रंगमंच सिर्फ एक अच्छा कलाकार ही तैयार नहीं करता बल्कि वह एक संवेदनशील मनुष्य भी बनाता है। कार्यशाला में नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित गीता अहिरवार छतरपुर की हैं जबकि लक्ष्य अरोड़ा दिल्ली के निवासी हैं। दोनों प्रशिक्षक अपनी भरपूर मेहनत और संकल्पना से कार्यशाला में शामिल हुए अभ्यर्थियों को रंगमंच के विभिन्न आयामों से रूबरू करा रहे हैं। रविवार को लगी मास्क मेकिंग और मेकअप की स्पेशल



क्लास 25 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला के दौरान रविवार को एक अलग ही रंग नजर आया। इस दिन विशेष तौर पर नाटक में प्रयोग होने वाली रूप सज्जा और मास्क मेकिंग के बारे में अभ्यर्थियों को न सिर्फ जानकारी दी गई बल्कि प्रेक्टिकल भी कराया गया। पुराने अखबारों की कतरनें, प्लास्टर ऑफ पेरिस, फेवीकाल, पानी, रंगों और अपनी कल्पनाशीलता के सहारे अभ्यर्थियों ने अलग-अलग तरह के मास्क तैयार किए। अलग-अलग टीमों में बटे अभ्यर्थियों में से एक शख्स को नमूने के तौर पर प्रयोग किया गया और बाकी अभ्यर्थी कागज की कतरनों, फेवीकाल और पानी के सहारे चेहरे के मास्क तैयार करते नजर आए। लक्ष्य अरोड़ा और गीता अहिरवार के मार्गदर्शन में अभ्यर्थियों ने विभिन्न तरह के मास्क तैयार किए। इसी के साथ नाटक के दौरान लगने वाले मेकअप के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के संयोजक शिवेन्द्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजाना के अभ्यासों के अलावा अभ्यर्थियों को हिन्दी रंगमंच और पाश्चात्य रंगमंच के इतिहास के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। अभ्यर्थी रोज की गतिविधियों को डायरी में दर्ज करके इसे एक महत्वपूर्ण दस्तावेज की तरह सहेजकर रख रहे हैं।

गौरतलब है कि यह कार्यशाला 18 जुलाई तक चलेगी जिसमें समापन अवसर पर कार्यशाला के दौरान तैयार किए गए नाटक का मंचन भी प्रतिभागियों दवारा किया जाएगा

**खबर संक्षेप**

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा

**दो चचेरे भाइयों की मौत, एक घायलएयरपोर्ट के पास हुआ सड़क हादसा,आक्रोशित परिजनों ने किया चक्काजाम, पुलिस ने समझाइश देकर खुलवाया रास्ता**

रीवा

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक घायल हो गया। रीवा एयरपोर्ट के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार हादसा शनिवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच चोरहटा स्थित रीवा एयरपोर्ट के पास हुआ। अगडाल गांव निवासी छोटू कोल, दिलीप कोल और पंकज कोल एक ही बाइक से रीवा शहर से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे एयरपोर्ट के समीप पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में छोटू कोल और दिलीप कोल, जो आपस में चचेरे भाई थे, की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीसरे युवक पंकज कोल को मामूली चोटें आईं, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों और मृतकों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की तथा स्थिति को नियंत्रित किया। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देकर समाप्त कराया। रविवार सुबह पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटना के बाद फरार हुए ट्रक और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# तीन साल पहले शुरू हुआ था संचालन, फिर हुआ बंद, मरीजों को नहीं मिल पा रही सुविधा, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रहा शाम की ओपीडी का लाभ

रीवा।



सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शाम के समय की ओपीडी व्यवस्था संचालित नहीं हो रही है। अस्पताल में अब मरीजों के शाम के समय विशेषज्ञ चिकित्सकों को परामर्श नहीं मिल रहा। तीन साल पहले शुरू की गई यह व्यवस्था अब अपोषित रूप से बंद हो गई है, लिहाजा गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में पर्याप्त जांच एवं उपचार सुविधा नहीं मिल पा रही है। दिन के समय ही मरीज अस्पताल में कतारबद्ध होकर इलाज कराने के लिए मजबूर हो रहे हैं। वहीं, अस्पताल प्रबंधन को भी राजस्व की क्षति हो रही है। गौरतलब है कि श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के अधीन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का संचालन होता है। अस्पताल में आने वाले मरीजों की भीड़ को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने शाम को भी ओपीडी शुरु करने का निर्णय वर्ष 2023 में लिया था। दिन के समय जाय- उपचार से वंचित मरीजों को शाम के समय विशेषज्ञ चिकित्सी का परामर्श उपलब्ध कराने के लिहाज यह व्यवस्था शुरु की गई। शाम की ओपीडी शुल्क 500 रुपए और समय 6 से 8 बजे तक निर्धारित किया गया था। आरंभ में कुछ दिनों तक शाम को औपीडी का संचालन किया गया। फिर से धीरे-धीरे व्यवस्था बिगड़ गई और अब लगभग शाम की ओपीडी बंद ही हो गई है। बता दे अस्पताल में फिलहाल 6 चिकित्सा विभाग संचालित हो रहे हैं। वर्ष 2020 में शुरू हुए अस्पताल में कॉर्डियोलॉजी सीटीवीएस न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी फोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग संचालित हो रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में दर्ज हो रहे आकड़ों के अनुसार सुबह की ओपीडी में प्रतिदिन 300 से 400 मरीज परामर्श के लिए पहुंचते हैं। इनमें से कार्डियोलॉजी विभाग में इलाज कराने वाले हृदय रोग पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। ऐसे ही नेतोय मस्तिष्क रोग से पीड़ित मरीजों की अधिकाधिक भीड़ न्यूरोलॉजी विभाग में पहुंच रही है।दूरदराज से आने वालों के लिए बनी थी योजनाइस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ज्यादातर महीनों में यह स्थिति रहती है कि सुबह 9 बजे से ओपीडी की पर्ची कटाने मरीज कतारबद्ध हो जाते हैं। संबंधित विभागों में मरीजों का हुजूम नजर आता है। इनमें बुजुर्ग और गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक होती है। कई ऐसे भी मरीज होते हैं, जो दूरदराज से आने के कारण विलंब से अस्पताल पहुंच पाते है, जिसके चलते कई बार वह उपचार से बंचित रह जाते हैं। ऐसे रोगियों के लिए ही शाम की व्यवस्था बनाई गई थी। अब अस्पताल में शाम को विशेष उपलब्ध न होने का सीधा फायदा निजी अस्पतालों को मिल रहा है, जहां मरीजों से भारी-भरकम फीस वसूली जा रही है।दोबारा परामर्श लेने में होती है समस्याअत्यधिक गर्मी और ठंड के दिनों में ओपीडी की लाइन में लगे मरीज और स्ट्रेचर पर पड़े मरीज अपनी बारी का इंतजार करते परेशान होते हैं। सुबह की ओपीडी में चिकित्सक को दिखाने के बाद कई बार जांच रिपोर्ट दिखाकर दोबारा परामर्श लेने में मरीजों को समस्या होती है। यदि सुबह ओपीडी वाले डॉक्टर शाम को भी बैठे तो लोग इसका फायदा ले सकते हैं। अभी इवनिंग ओपीडी न होने से रिपोर्ट दिखाने के लिए उस दिन का इंतजार पड़ता है जब संबंधित डॉक्टर की ओपीडी का अगला दिन आए।

## फरार आरोपी देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार सिरमौर पुलिस ने की कार्यवाही



**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना पुलिस ने एक आपराधिक मामले में फरार चल रहे आरोपी को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चचाई रोड क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने हथियार खरीदने वाले व्यक्ति का भी नाम पुलिस को बताया है, जिसके आधार पर अब अवैध हथियार सप्लाई करने वाले की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान ग्राम मड़ैला निवासी गौरव सिंह के रूप में हुई है। आरोपी पूर्व से दर्ज एक आपराधिक मामले में फरार चल रहा था और उसकी तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि वह चचाई रोड क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दीपक तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने बताए गए स्थान पर रणनीतिक तरीके से घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को उस व्यक्ति के संबंध में जानकारी दी, जिससे उसने यह देसी कट्टा खरीदा था। पुलिस अब उस संदिग्ध की तलाश में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा है या नहीं। सिरमौर थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही उससे विस्तृत पूछताछ की जा रही है ताकि अवैध हथियारों की आपूर्ति श्रृंखला का खुलासा किया जा सके।

## कथित गौमांस के साथ दो युवतियां पकड़ी गईं, पीछा कर रहे युवक पर पत्थर से हमला कर फोड़ा सिर, नहर में बोरी फेंककर भागने की कोशिश

### ग्रामीणों ने घेरकर पुलिस के हवाले किया बरामद मांस की जांच शुरू

**रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र में रविवार को कथित गौमांस के परिवहन का मामला सामने आया। दो युवतियों को संदिग्ध मांस के साथ ग्रामीणों की मदद से पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। इस दौरान पीछा कर रहे युवक पर युवतियों ने कथित रूप से पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके से नहर में फेंकी गई मांस से भरी बोरी और झोला बरामद कर जब्त कर लिया है। बरामद मांस को परीक्षण के लिए भेजा गया है तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना शहर के बिछिया और समान थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित गड़रिया (लोही) नहर के समीप की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गुढ़ थाना क्षेत्र के आमिरती गांव निवासी दो युवतियां स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से रीवा की ओर जा रही थीं। उनके पास रखी बोरी और झोले पर संदेह होने पर नैकिन निवासी सोनू सिंह (अनंत सिंह बघेल) ने अपनी कार से उनका पीछा शुरू किया। बताया गया कि युवतियां तेजी से बाइक दौड़ाते हुए लोही नहर मार्ग से रतहरा रिंग रोड की ओर भागने लगीं। पीछा करने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसी बीच कार सवार युवक ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि पकड़े जाने की आशंका में एक युवती ने पहले मांस से भरी बोरी और झोला नहर में फेंक दिया, फिर पीछे से पत्थर उठाकर युवक के सिर पर हमला कर दिया। हमले में युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने दोनों युवतियों को घेरकर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। चूंकि घटनास्थल समान थाना क्षेत्र में था, इसलिए समान थाना पुलिस को भी बुलाया गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नहर में फेंकी गई बोरी और झोला बाहर निकलवाया तथा उसमें रखे कथित मांस को जब्त कर लिया। इसके बाद दोनों युवतियों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया गया। घायल युवक को उपचार एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पकड़ी गई दोनों युवतियां गुढ़ थाना क्षेत्र के आमिरती गांव की रहने वाली हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मांस किस पशु का है। इसके लिए नमूने परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि यह केवल परिवहन का मामला है या इसके पीछे किसी बड़े नेटवर्क की भूमिका है। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, बजरंग सेना तथा करणी सेना के पदाधिकारी समान थाना पहुंचे। संगठन के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने, कथित गौमांस के स्रोत का पता लगाने तथा जिले में यदि कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने संगठनों को आश्वस्त किया कि जांच रिपोर्ट और वैज्ञानिक परीक्षण के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि बरामद मांस की फोरेंसिक एवं पशु चिकित्सकीय जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वह किस पशु का है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की धाराएं जोड़ी जाएंगी और मामले के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जाएगी।



## सोहागी हाइवे पर ट्रक व ट्रेलर की भीषण टक्कर, ट्रक में फंसा चालक, बॉडी काटकर पुलिस ने बचाई चालक की जान

रीवा।

हादसों का डेंजर प्वाईंट कहे जाने वाले रीवा के सोहागी हाईवे मे रविवार एक बार फिर ट्रक और ट्रेलर की भीषण टक्कर हो गयी। आमने सामने की भिड़त मे दोनो वाहनों के जहा परखच्चे उड़ गए तो वही घायल हुआ ट्रक का चालक ट्रक की केबिन मे ही फंस गया। घटना के बाद चालक की जान हलक पर थी, और वह जान बचाने की मिन्नते कर रहा था, इसी बीच पहुंची डायल 112 की टीम ने बड़ी ही सूझबूझ से ट्रक की बॉडी का अगला हिस्सा कटवाया और फंसे हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली। घायल चालक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। बता दे टक्कर का प्रभाव इतना जबरदस्त था कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के लिए हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर सामान्य कराया। सोहागी हाईवे पर लगातार गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं। तेज रफ्तार, ओवरलोड वाहनों की आवाजाही तथा कई स्थानों पर खतरनाक मोड़ों के कारण यह मार्ग दुर्घटनाओं का डेंजर प्वाइंट बन चुका है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा के स्थायी इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं, जिससे आए दिन लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और आमने-सामने की टक्कर माना जा रहा है।

## साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की गंदी राजनीति पड़ोसी देशों के रिश्तों में भी खटास पैदा कर रही : अजय खरे

**पड़ोसी देशों से मधुर रिश्ते भारतीय उपमहाद्वीप को साम्राज्यवादी शक्तियों का उपनिवेश बनने से बचाएंगे**

**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि सन 1971 में भारत ने पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराकर बांग्लादेश के रूप में मान्यता प्रदान की थी। लेकिन इधर बांग्लादेश का साम्राज्यवादी चीन के लिए बढ़ता झुकाव भारत के लिए किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि बांग्लादेश और भारत के बीच के रिश्तो में मिठास की जगह खटास पैदा हो गई। देखने को मिल रहा है कि दूरस्थ देशों से प्रगाढ़ दोस्ती का दावा किया जा रहा वहीं पर पड़ोसी देशों के साथ तनातनी का माहौल अच्छी बात नहीं है। पड़ोसी देशों का वातावरण शांतिपूर्ण रहे इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस दिशा में भारतीय कूटनीति को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाना चाहिए। कुछ साल पहले जब बांग्लादेश का माहौल खराब हुआ और वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी तब यहां चुनावी लाभ के लिए साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया जाने लगा। श्री खरे ने कहा कि धर्म के आधार पर नफरत फैलाने का लाभ तो राजनीतिक दल उठाते हैं लेकिन इसका खामियाजा देश और जनता को भुगतना पड़ता है।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के द्वारा भारत को 2015 में आवंटित किए गए मंगला पोर्ट को अब चीन को देने का फ़ैसला सामरिक दृष्टि से भारत के लिए काफी घातक हो सकता है। बीजिंग दौरे के दौरान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने इसे चीन को सौंपने के मसौदे पर दस्तखत कर दिए हैं। बांग्लादेश के इकोनामिक जोन बागेरहाट में 110 एकड़ पर मंगला पोर्ट को विकसित किए जाने का काम पहले भारत को मिलना था लेकिन अभी इसे चीन के हवाले कर दिया गया है। श्री खरे ने बताया कि चीन वैसे भी भारत की उत्तरी सीमाओं पर घात लगाए बैठा हुआ है। तिब्बत को हड़पने के बाद लंबे समय से वह लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में निरंतर घुसपैठ कर रहा है। मंगला पोर्ट भारतीय सीमा से महज 80 किलोमीटर दूर है। यहां चीन की गतिविधियां बढ़ने से उसे जासूसी का मौका मिलेगा। इधर बांग्लादेश ने सरकारी स्कूलों में चीन की एक भाषा मंदारिन को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने की अनुमति दी है। भारत सरकार के द्वारा बांग्लादेश सीमा पर कटीली बाड़ लगाने के कार्यक्रम में भी व्यवधान पैदा हो रहा है। उक्त मामला संयुक्त राष्ट्र में पहुंचने से खटाई में पड़ गया है। श्री खरे ने कहा कि पड़ोसी देशों से मधुर रिश्ते भारतीय उपमहाद्वीप को साम्राज्यवादी शक्तियों का उपनिवेश बनने से बचाएंगे। भारत सरकार को इस दिशा में आगे बढ़कर भारतीय उपमहाद्वीप की एकता को मजबूत करना चाहिए।

## नशे में रहकर दुनिया से जंग नहीं जीती जाती : गौरव राजपूत (आईजी रीवा रेंज) नशा, अपराध और पुलिस व्यवस्था पर आईजी ने रखी बेबाक राय, युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील



**रीवा ।** रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत ने नशा, अपराध और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर बेबाक अंदाज में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि ₹नशे में रहकर दुनिया से जंग नहीं जीती जाती।₹ नशा व्यक्ति की सोच, क्षमता और भविष्य को कमजोर कर देता है। यदि युवा अपने जीवन में सफलता हासिल करना चाहते हैं तो उन्हें नशे से दूर रहना होगा।

आईजी ने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। समाज से नशे की बुराई को खत्म करने के लिए केवल पुलिस ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों, अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रही है और अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। आम जनता का पुलिस पर विश्वास बढ़ाना और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गौरव राजपूत ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, सकारात्मक सोच अपनाएं और नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा, दो चचेरे भाइयों की मौत



**एक घायल, एयरपोर्ट के पास हुआ सड़क हादसा,आक्रोशित परिजनों ने किया चक्काजाम, पुलिस ने खुलवाया रास्ता**

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक घायल हो गया। रीवा एयरपोर्ट के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार हादसा शनिवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच चोरहटा स्थित रीवा एयरपोर्ट के पास हुआ। अगडाल गांव निवासी छोटू कोल, दिलीप कोल और पंकज कोल एक ही बाइक से रीवा शहर से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे एयरपोर्ट के समीप पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में छोटू कोल और दिलीप कोल, जो आपस में चचेरे भाई थे, की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीसरे युवक पंकज कोल को मामूली चोटें आईं, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों और मृतकों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की तथा स्थिति को नियंत्रित किया। मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देकर समाप्त कराया। रविवार सुबह पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटना के बाद फरार हुए ट्रक और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## सिविल अस्पताल मऊगंज द्वारा पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ



**मऊगंज।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार तथा सीबीएमओ के मार्गदर्शन में पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया गया। 28,29,30 जून तक चलने वाला पल्स पोलियो अभियान के आयोजन में आज दिनांक 28 /06/2026 को सीबीएमओ डॉ एस डी कोल, पार्षद सुंदरलाल साकेत, उपाध्यक्ष मीनावती साकेत द्वारा पोलियो की दो बूंद की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और सभी मऊगंज क्षेत्र के निवासियों को एक संदेश दिया गया की नन्हे बच्चों की सेहत का सपना सजना है, देश के हर कोने से पोलियो को भगाना है, सिर्फ दो बूंद दवा की हर बार पिलाना है, और अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाना है. इस आयोजन में सीबीएमओ डॉ एस डी कोल, हरीश कुमार सोनी, सेक्टर सुपरवाइजर रमानिवास तिवारी, प्रभारी बी ई ई संतोष चतुर्वेदी, एम आई बृजेंद्र तिवारी, एस एस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, समाजसेवी शशि शर्मा, ए एन एम अमृता सिंह, अलएचबी सविता वर्मा, और सभी स्टाफ उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## नईगढ़ी पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान, लोगों को साइबर ठगी से बचाव के बताए




**मऊगंज** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी सची पाठक के निर्देशन में नईगढ़ी थाना प्रभारी गोविंद प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में थाना पुलिस ने नगर एवं थाना क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने नागरिकों को साइबर ठगी के बढ़ते मामलों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम नंबर, सीवीवी, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय जानकारी किसी भी परिस्थिति में साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा संबंधित बैंक और निकटतम पुलिस थाना को तत्काल सूचना देकर अपने खाते को सुरक्षित कराएं। साथ ही **cybercrime.gov.in** पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है।पुलिस ने लोगों से डिजिटल लेनदेन के दौरान विशेष सावधानी बरतने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, फर्जी कॉल, मैसेज एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।थाना प्रभारी गोविंद प्रसाद तिवारी ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम में आमजन की जागरूकता और सतर्कता सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी साइबर ठगी की घटना को छिपाने के बजाय तुरंत पुलिस और साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर पीड़ित को राहत दिलाई जा सके। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

## विशेष ग्राम सभाओं में हो रहा जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन



**रीवा ।** रीवा जिले की सभी ग्राम पंचायत में 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के समापन के लिए शासन के निर्देशों के अनुसार 25 जून से 30 जून तक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन ग्राम सभाओं में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया जा रहा है। जल कलश यात्रा और रैली निकालकर विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं। आमजनों को जल संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपद अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर कर्चुलियान विकासखंड की ग्राम पंचायत मनिकवार नंबर एक में रैली निकालकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। विशेष ग्राम सभा के शुभारंभ में 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इसके बाद शासन द्वारा निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। ग्राम सभा में जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों की जानकारी दी गई। रायपुर कर्चुलियान विकासखंड में ही ग्राम पंचायत दुआरी, नवागांव और करारी में भी विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन करके जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया गया। इसी तरह विकासखंड त्योंथर की ग्राम पंचायत गाड़रपुरवा में सरपंच, पंच तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में जल संरक्षण कार्यों की जानकारी दी गई तथा वृक्षारोपण के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए। इसी तरह सिरमौर विकासखंड की ग्राम पंचायत हटवा में भी विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम पंचायत चौर, ग्राम पंचायत चौखंडी, ग्राम पंचायत उमरिया तथा अन्य ग्राम पंचायत में भी विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया जा रहा है। इन ग्राम सभा में सरपंच, पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा आमजन शामिल हो रहे हैं।